खबर संक्षेप

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में परिषद की बैठक संभव, विकास और जनहित के मुद्दों पर होगा मंथन

सतना। नगर पालिक निगम की परिषद की बैठक अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जा सकती है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने निगम अध्यक्ष को औपचारिक पत्र प्रेषित कर सर्वसम्मति से बैठक आहूत करने का अनुरोध किया है।महापौर ने अपने पत्र में रेखांकित किया है कि शहर की गति को नए आयाम देने,नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा निगम की प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए परिषद की बैठक अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित बैठक में शहर के लंबित एवं नवीन विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श कर नियमानुसार निर्णय लिए जाएंगे। महापौर ने अध्यक्ष से अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में सुविधानुसार तिथि व समय तय करने की बात कही है,ताकि जनहित से जुड़े विषयों का त्वरित समाधान निकाला जा सके।

संयुक्त कलेक्टर अनुराग तिवारी को नगर निगम में मिला अतिरिक्त प्रभार

सतना। प्रशासनिक कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के तहत संयुक्त कलेक्टर अनुराग तिवारी को कलेक्ट्रेट की शाखाओं के साथ-साथ उपायुक्त (राजस्व),नगर पालिक निगम का अस्थायी प्रभार सौंपा गया है। इसी क्रम में,प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आयुक्त द्वारा श्री तिवारी को निगम के अंतर्गत आने वाले 9 प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा गया है। सम्पत्तिकर शाखा,राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग,स्वच्छ सर्वेक्षण, कॉलोनी सेल, फायर विभाग, अतिक्रमण विभाग शाखाएं शामिल हैं। यह आदेश जारी होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से लागू (प्रभावशील) कर दिया गया है।

हॉकी ग्राउंड को खेल सुविधाओं सहित पुनः प्रारंभ कराने महापौर ने लिखा पत्र

सतना। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सतना रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे बोर्ड के हॉकी ग्राउंड को खेल सुविधाओं सहित पुनः प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर महाप्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल को पत्र लिखा है। महापौर ने पत्र में कहा कि हॉकी ग्राउंड के पुनः प्रारंभ होने से सतना के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को अभ्यास और खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने मैदान को आवश्यक खेल सुविधाओं के साथ पुनः संचालित किए जाने का आग्रह करते हुए इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

उमरी में घर में घुसकर पिता-पुत्र पर कातिलाना हमला पुरानी रंजिश के चलते चाकूबाजी से इलाके में फैली सनसनी

सतना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उमरी इलाके में बुधवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है। कुछ दबंग किस्म के लोग घर में घुसकर पिता और पुत्र पर टूट पड़े और उन पर चाकू से कातिलाना हमला कर मौके से फरार हो गए।

हमले में रामगोपाल पांडे और उनके पुत्र मोनू



पांडे को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया,जहां उनका इलाज जारी है। थाना प्रभारी प्रीति विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। सरेआम घर में घुसकर हुई इस चाकूबाजी की घटना के बाद से उमरी इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोग दहशत में है।



दिल्ली की घटना के विरोध में मैहर में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



मैहर। दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ कथित अभद्रता और बर्बरता के विरोध में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैहर द्वारा रेस्ट हाउस स्थित घंटाघर चौक पर एक जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन को कांग्रेस ने 'काला दिवस' के रूप में मनाया,जिसमें कार्यकर्ता काली पट्टी बांधकर और काले वस्त्र पहनकर शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए व्यवहार को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी संवैधानिक मूल्यों और संस्थाओं की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस कार्यक्रम के अंत में आमजन से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया गया। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चित्रकूट दीपावली मेला: कलेक्टर और एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

सड़क मरम्मत और घाटों के विकास कार्यों के दिए निर्देश



सतना। दीपावली मेला को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने चित्रकूट क्षेत्र का दौरा किया और विभिन्न विकास व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर और सपा ने सतना-चित्रकूट रोड पर कोठी बाईपास और मझगवां बाईपास पर चल रहे सड़क मरम्मत कार्यों का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दीपावली मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात सुनिश्चित करने हेतु अक्टूबर के अंत तक सड़क रिपेयरिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मेले की तैयारियों के तहत स्फटिक शिला में घाट लेवलिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अधिकारियों ने गुप्त गोदावरी स्थल और सती अनुसूइया के घाट का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएफओ मयंक चांदीवाल और एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

ट्रेन से उतारकर मुस्लिम युवक और हिंदू युवती से बजरंग दल ने की पूछताछ जीआरपी की मौजूदगी में जाँचे गए दस्तावेज

सतना। प्रयागराज से सतना आ रही एक ट्रेन से मुस्लिम युवक के साथ यात्रा कर रही युवती को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा उतारे जाने और पूछताछ करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है।

क्या है पूरा मामला

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक मुस्लिम युवक के साथ एक हिंदू युवती सतना आ रही है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सतना जीआरपी और आरपीएफ को इसकी सूचना दी। ट्रेन के सतना रेलवे स्टेशन पहुंचते ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जीआरपी की मौजूदगी में युवक-युवती को ट्रेन से नीचे उतारा और उनसे पूछताछ की। इस दौरान दोनों के दस्तावेजों की भी जांच की गई। जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने पुष्टि की है कि पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों से पूछताछ की गई और दस्तावेज देखने के बाद उन्हें आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया। वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक और युवती से सवाल-जवाब करते नजर आ रहे हैं। हालांकि,दोनों के बीच आपसी संबंध क्या थे और उन्होंने पूछताछ में क्या जानकारी दी,इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

राष्ट्रीय फैशन रैंप पर एकेएस वि वि के विद्यार्थियों ने बिखेरा हुनर

सतना। एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के डिजाइन विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर के फैशन मंच ईवॉल्व-द ग्लोबल रनवे 2026 में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रैंप पर आकर्षक परिधानों के साथ अपनी डिजाइन सोच,प्रस्तुति कौशल और फैशन की समझ को प्रस्तुत किया। उनके प्रस्तुत परिधानों को 'बेस्ट ड्रेसेस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल डिजाइन अकादमी,इंडिया एवं इंस्टिट्यूटो डी मोडा बुर्गो,मिलान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह फैशन शो 4 अक्टूबर 2026 को पसरीचा रिसॉर्ट,जबलपुर में आयोजित हुआ। विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों के बीच एकेएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने संग्रह और रैंप प्रस्तुति से अपनी पहचान बनाई।



फूलों और नारी शक्ति को परिधानों में उतारा

डिजाइन विभाग की ओर से रैंप पर प्रस्तुत संग्रह का विषय 'फ्लोरेव-द आर्ट ऑफ ब्लिकमिंग' रहा। इस संग्रह में फूलों और महिलाओं को प्रेरणा का आधार बनाया गया। फूल के बीज से पौधे और फिर खिलने तक की यात्रा को महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों से जोड़ते हुए संघर्ष,शक्ति,साहस,शांति,सौंदर्य और परिवर्तन के भावों को परिधानों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। रैंप पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत परिधानों में रंग,डिजाइन,बनावट और विषय-वस्तु का सुंदर समन्वय देखने को मिला। प्रत्येक परिधान के माध्यम से संग्रह की मूल अवधारणा को सामने रखने का प्रयास किया गया।

रैंप से मिला फैशन का व्यावहारिक अनुभव

आयोजन ने विद्यार्थियों को फैशन रैंप पर प्रस्तुति के साथ फैशन उद्योग के पेशेवर वातावरण को समझने का अवसर भी दिया। परिधान तैयार करने से लेकर रैंप प्रस्तुति,मंच अनुशासन,टीमवर्क और समयबद्ध तैयारी तक विद्यार्थियों ने व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बाद एनआईएफटी, आईडीए एवं आईटीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से इंटर्नशिप के अवसर और प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। इससे विद्यार्थियों को फैशन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उद्योग से जुड़कर अपने कौशल को निखारने का अवसर मिला।

इन विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

सातवें सेमेस्टर से कृति गुप्ता,दीपिका वर्मा,हिमांशी चौधरी,शिवांगी प्रभाकर एवं शिवानी जायसवाल, पांचवें सेमेस्टर से रचना सिंह,भूमिका धनराज एवं प्रियंका विश्वकर्मा तथा तीसरे सेमेस्टर से दीपांशी वर्मा एवं चांदनी सिंह ने रैंप प्रस्तुति में भाग लिया। प्रथम सेमेस्टर के रविकांत प्रजापति ने वीडियोग्राफर के रूप में अपनी भूमिका निभाई। पूरे संग्रह की तैयारी और विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को डिजाइन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रह्लाद मरावी एवं फैकल्टी अंशिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में पूरा किया गया।राष्ट्रीय फैशन रैंप पर मिली यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए अपने हुनर को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर बनी। 'बेस्ट ड्रेसेस' पुरस्कार और प्रतिष्ठित संस्थानों से मिले इंटर्नशिप अवसर उनके प्रदर्शन को मिली पहचान को दर्शाते हैं।एकेएस विश्वविद्यालय के डिजाइन विभाग के विद्यार्थियों की यह सहभागिता फैशन डिजाइन के क्षेत्र में उनकी रचनात्मक क्षमता और व्यावहारिक तैयारी को सामने लाती है।

ट्रेनें डायवर्ट और मेलों के लिए अस्थाई ठहराव शुरू

सतना। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय,जबलपुर द्वारा यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हाल ही में तीन महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई हैं,जो ट्रेन संचालन और मेलों से जुड़ी हैं।

थर्ड लाइन प्रोजेक्ट के कारण दो ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

कल्याण-इगतपुरी रेलखंड (आसनगाँव-कसारा तीसरी रेल लाइन परियोजना) पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण पश्चिम मध्य रेलवे की दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

गाड़ी 12188 (सीएसएमटी-जबलपुर गरीबरथ एक्सप्रेस):

15 अक्टूबर 2026 को सीएसएमटी से प्रस्थान करने वाली यह ट्रेन कल्याण-कर्जत-पुणे-मनमाड होकर जबलपुर पहुंचेगी और इगतपुरी तथा नाशिक रोड नहीं जाएगी।

गाड़ी 02198 (जबलपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस स्पेशल):

16 अक्टूबर 2026 को जबलपुर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन जलगाँव-नंदुरबार-वसई रोड-पनवेल के रास्ते कोयंबटूर जाएगी और यह नाशिक रोड स्टेशन नहीं रुकेगी।

माधवनगर मेले के लिए 3 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

सतगुरु बाबा नारायण शाहजी की बरसी के पावन अवसर पर आयोजित माधवनगर मेले के यात्रियों की सुविधा के लिए,निवार-कटनी रेलखंड के माधवनगर स्टेशन पर 09 एवं 10 अक्टूबर 2026 को एक मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस (11273/ 11274) इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस (11271/11272) जबलपुर-अम्बिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (11265/11266)

नवरात्रि मेले पर इंद्रगढ़ सुमेरगंज मंडी स्टेशन पर चार ट्रेनों का ठहराव

नवरात्रि मेले के श्रद्धालुओं के लिए इंद्रगढ़ सुमेरगंज मंडी स्टेशन पर 08 से 23 अक्टूबर 2026 तक चार प्रमुख ट्रेनों (मुंबई सेंट्रल-जयपुर एक्सप्रेस,जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस,बांद्रा टर्मिनस-बरौनी अवध एक्सप्रेस और बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस) का एक से दो मिनट का अस्थाई ठहराव रहेगा।

शांति समिति की बैठक में त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



मैहर। आगामी नवरात्रि, दशहरा और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मैहर कोतवाली परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ व्यापारी,दुर्गा प्रतिमा आयोजक,समाज सेवी और कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने सभी से आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था,प्रतिमा स्थापना,दशहरा झांकियां,पंडालों में वैध विद्युत कनेक्शन और रोशनी की व्यवस्था जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही,पंडालों में अवैध कनेक्शन न लेने और किसी का रास्ता बाधित न करने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार, तहसीलदार लालमन सतनामी समेत कई अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म का अवलोकन किया।



भ्रमण के दौरान जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि, वर्मीवॉश निर्माण तथा फसलों में इसके उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने जैविक पद्धति से तैयार की जा रही विभिन्न फसलों का भी अवलोकन किया। कृषक पवन कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को गौशाला प्रबंधन, गायों की विभिन्न नस्लों जैसे साहिवाल, गिर एवं हरियाणा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संतुलित पशु आहार, नेपियर घास, गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों, उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों को प्रकाश एवं ईंधन के उपयोग के लिए स्थापित बायोगैस संयंत्र तथा अजोला निर्माण का भी अवलोकन कराया गया। उन्हें बताया गया कि अजोला में लगभग 25 से 30 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है और इसका उपयोग पशु आहार के रूप में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है। धान की फसल में अजोला के उपयोग से नाइट्रोजन स्थिरीकरण में मदद मिलती है, जिससे नाइट्रोजन की आवश्यकता कम हो सकती है।

मैहर में दिव्यांग सेवा एवं श्रमिक सम्मेलन आयोजित, बांटी गईं निःशुल्क मोटर और ट्राइ साइकिल



मैहर। "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की पीआईसी बिल्डिंग स्थित पर्यटन सूचना केंद्र में निःशुल्क दिव्यांग सेवा एवं श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। सांसद के प्रयासों से कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटरसाइकिल और ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया,जिससे लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। आयोजकों ने बताया कि इस अभियान का मकसद पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं को सीधे पहुंचाना है ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

जिले को मिली 1200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नीम कोटेड यूरिया की 3 रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1200 मीट्रिक टन यूरिया मिली है। प्राप्त यूरिया में कटनी डबल लॉक केंद्र को 120 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन, स्लीमनाबाद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन व मझगवां-बड़वारा डबल लॉक केंद्र को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गयी है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 270 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है।इसी प्रकार सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढ़ीमरखेडा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 60-60 मीट्रिक टन एवं एमपी एग्रो कटनी को 180 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

खबर संक्षेप

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस का प्रदर्शन, बस स्टैंड पर फूंका पुतला



पवई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई ने बस स्टैंड के पास प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला भी दहन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना था कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं और सत्ताधारी दल के इशारे पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुतला दहन कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि चुनाव आयोग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। **ये रहे मौजूद:** प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित अनिल तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र नामदेव, वरिष्ठ कांग्रेसी रम्मू मणि यादव, रामसेवक सिंगरौल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजपाल सिंह, भूपत साह बुंदेला, जीवन लाल सिद्धार्थ, शरण लोधी, खुशी लाल चौधरी, छबिलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में कृष्ण कुमार सिंह का शानदार प्रदर्शन



पन्ना में खुशी की लहर

पन्ना। पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मेहंदीपुरवा निवासी कृष्ण कुमार सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पन्ना जिले सहित मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। वर्तमान में इंदौर में बीसीए की पढ़ाई कर रहे कृष्ण कुमार सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। 1 से 3 अक्टूबर तक नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में विभिन्न देशों के चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भारत और नेपाल के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को पराजित कर जीत हासिल की। इसके बाद दूसरे मुकाबले में भारत ने भूटान को हराया। तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को पराजित कर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। इसके बाद चौथे मुकाबले में एक बार फिर भारत और नेपाल आमने-सामने हुए, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर विजय हासिल की। इन मुकाबलों के दौरान कृष्ण कुमार सिंह के खेल प्रदर्शन की खेल प्रेमियों और प्रतियोगिता आयोजकों ने सराहना की। उनकी मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और शानदार प्रदर्शन ने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृष्ण कुमार सिंह की इस उपलब्धि से पन्ना जिले के खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। परिजनों, मित्रों और में स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों ने उम्मीद जताई कि कृष्ण कुमार सिंह आने वाले समय में भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पन्ना, मध्यप्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगे।

नगर की आंगनबाड़ियों में उपस्थिति पूरे बच्चों की क्यों?

जिला मुख्यालय में आंगनबाडियों की दास्ता की पड़ताल जब की गई उदाहरण के तौर पर पुराना पन्ना क्रमांक-01 व 02 की आंगनवाड़ियों में जहां उपस्थित बच्चों के मान से न तो नाष्ता और न ही भोजन उपस्थिति को लेकर आंगनवाड़ी क्रमांक 01 में 1 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक उपस्थिति के लिए बच्चों के नाम तक रजिस्टर में दर्ज नहीं और न ही हाजरी लगाई गई। सितम्बर माह की पूरी शत-प्रतिषत उपस्थिति दर्ज थी वहीं आंगनवाड़ी क्रमांक 02 में 32 बच्चों में से 04 उपस्थित पर यहां रजिस्टर में 8 अक्टूबर की उपस्थिति भी खाली छोड़ी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आपबीती बताई शत-प्रतिषत उपस्थिति देने के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का जोर। सवाल मांग रहा जवाब जब बच्चे नहीं तो फर्जी उपस्थिति बच्चों की कराने के लिए विभाग का जोर क्यों?

पन्ना।







जिले में महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ियों की दास्ता जो रोंगटे खड़े कर देने वाली हकीकत मानी जा रही है। आखिर जिले में कुपोषण जो प्रमुखता से बच्चों में पाया जाता है। उसकी वजह कहीं न कहीं क्या है इसकी जमीनी पड़ताल को लेकर हरिभूमि संवाददाता ने नगर की आंगनवाड़ी में जिला मुख्यालय में ही पुराना पन्ना आंगनवाड़ी क्रमांक-01 व 02 की जमीनी पड़ताल लगभग 11 बजे से लेकर साढ़े 11:30 बजे तक दोपहर में की गई। जहां आंगनवाड़ी क्रमांक 01 की कार्यकर्ता श्रीमती राधा प्रजापति आंगनवाड़ी में 10 बच्चों के साथ उपस्थित थी कुल दर्ज बच्चे इस आंगनवाडी में 86 है तथा 38 बच्चों को 03 से 06 वर्ष की उम्र का बताया गया। वहीं इस आंगनवाड़ी में जो नाष्ता दलिया भेजा गया था वह महज लगभग पांच सौ ग्राम या साढ़े सात सौ ग्राम कह सकते है अनुमानित। वहीं उपस्थिति को लेकर जब रजिस्टर की बात की गई तो आंगनवाड़ी में रजिस्टर ही नहीं था। निष्चितौर पर आषा कार्यकर्ता द्वारा सहायिका के माध्यम से रजिस्टर बुलाया गया रजिस्टर जो उपस्थिति को लेकर बच्चों की देखा गया तो 01 अक्टूबर से लेकर 08 अक्टूबर तक बच्चों के नाम अक्टूबर माह की उपस्थिति को लेकर दर्ज ही नहीं किये गये रजिस्टर में। वहीं सितम्बर माह में शत-प्रतिषत उपस्थिति बच्चों की दर्षाई गई है। जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से यह जाना गया कि जो भोजन या नाष्ता आपको मिल रहा है वह लगभग कितने बच्चों का मिलता है तो आपका साफ कहना था कि हरदम 10-12 बच्चों का भोजन व नाष्ता आता है यह कहना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राधा प्रजापति का था। जब आपसे यह पूंछा गया कि उपस्थिति सितम्बर माह में पूरी क्यों है जब हरदम 10-12 बच्चों का भोजन दिया जाता है व नाष्ता तथा अक्टूबर माह में उपस्थिति दर्ज ही नहीं की गई तो आंगनवाडी कार्यकर्ता ने बताया कि उपस्थिति शत-प्रतिषत देने के लिए सुपरवाईजर अंजली गुप्ता द्वारा कहा जाता है। इससे साफ जाहिर है कि नाष्ता व भोजन महज 10-12 बच्चों की उपस्थिति 38 बच्चों की कराये जाने को लेकर क्यों? और किसके लिए। इन बच्चों का नाष्ता व भोजन अपने आप में बड़ा सवाल इसी तरह आंगनवाड़ी क्रमांक-02 पुराना पन्ना में ही देखी गई जहां कुल बच्चे 04 उपस्थित थे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बंदना खैरवार ने बताया कुल दर्ज बच्चे 68 वहीं 03 से 06 वर्ष के बच्चे 32 है जिनमें 16 बच्चे व 16 बच्चियां है। उपस्थिति रजिस्टर में 8 अक्टूबर में जो दर्ज होनी चाहिए वह रिक्त थी जब पूंछा गया तो जवाब यह था कि लगाई जायेगी। वहीं भोजन जो कढ़ी चावल आया हुआ था जिसमें लगभग 1 किलो चावल व कढ़ी इन्हीं चावल के अनुसार भेजी गई थी। बच्चों के भोजन के लिए। वहीं बच्चों की उपस्थिति पिछली दिनांकों में बाखूबी रजिस्टर में स्वयं बयां हो रही है किस तरह से बच्चों की उपस्थिति फर्जी लगाई जाती है। इस बात का जवाब जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से चाहा गया तो आपका कहना था कि 12 से 15 बच्चे उपस्थित रहते है आज 04 है वहीं 32 बच्चे दर्ज है। यह बात भेजे गये भोजन से भी मिलान कर रही है। निष्चितौर पर शत-प्रतिषत हाजरी बच्चों की लगाये जाने की बात विभाग के ग्रुप में स्वयं लगाये जाने को लेकर कहा जाता हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से आंगनवाड़ियों में यह खेल आखिरकार जो बच्चों के भोजन व नाष्ता कौन खा रहा है। कितने लोग खा रहे है विभाग की सहमति आखिरकार दबाव बनाकर क्यों? आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी धड़ल्ले से स्वयं फर्जी उपस्थिति आखिरकार दे रही है जो इसमें निष्चितौर पर कहीं न कहीं बड़ा सवाल है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता क्रमांक-02 तो बताया गया कि मोबाईल में मैसेज डालकर 100 प्रतिषत हाजरी चाही जा रही है विभाग के द्वारा एक सप्ताह से यही हो रहा है 100 प्रतिषत को लेकर। 10-12 बच्चों का भोजन आता है उपस्थिति 32 बच्चों की चाही जा रही है। जो भेजने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने आप को स्वयं बयां कर रही है आखिर यह दवाब का खेल विभाग के द्वारा क्यों? बच्चों के नाष्ता व भोजन को लेकर। आखिर जब बच्चे 100 प्रतिषत उपस्थिति को लेकर आंगनवाड़ियों से हाजरी मगाई जाती है तो नाष्ता व भोजन मात्र 10-12 बच्चों का क्यों? आखिर कौन फर्जी बच्चों की उपस्थिति लगवाकर उनका नाष्ता व भोजन खाने के लिए खेल खाला जा रहा है। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से लेकर विभाग की सहमति दबाव दोनों का खेल जो पड़ताल पर सामने आया। इसको लेकर जब जिला कार्यक्रम अधिकारी जीतेन्द्र कुमार गुप्ता से बात की गई तो आपका कहना है कि अभी दो दिन पहले पदभार संभाला है मैं निष्चितौर पर स्वयं इस स्थिति को लेकर जांच करवाउंगा अब देखना यह है कि आंगनवाड़ियों में जहां बच्चों के नाष्ता व भोजन को लेकर दबाव व विभाग की सहमति नीचे से लेकर ऊपर तक क्यों? जहां बच्चे आते नहीं वहीं फर्जी उपस्थिति भिजवाने के लिए जोर क्यों? साथ ही साफ जाहिर होता है कि उपस्थिति तो चाही जा रही है नाष्ता व भोजन आधे बच्चों का नहीं। आखिर यहां बच्चे कैसे आंगनवाड़ियों में आये जब फर्जी से सबकी मर्जी का खेल चल रहा है। देखना यह है कि नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विभाग इसमें सुधार कर पायेगें की नहीं यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा।

अमानगंज-गुनौर जर्जर सड़क को लेकर नगर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस

नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान ने सरकार, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर लगाया अनदेखी का आरोप

अमानगंज। अमानगंज-गुनौर मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी अमानगंज द्वारा गुरुवार को एक होटल रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों से चर्चा करते हुए नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वसीम खान ने वर्षों से खराब पड़े अमानगंजदृगुनौर मार्ग को लेकर सरकार, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों पर जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। वसीम खान ने कहा कि अमानगंजदृगुनौर सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण राहगीरों, यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय व्यापारियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, बावजूद इसके सड़क की बदहाल स्थिति की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता लंबे समय से सड़क के सुधार की मांग कर रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।



जेके सीमेंट के डंपरों को लेकर भी उठाए सवाल

पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा जेके सीमेंट कंपनी एवं उसके डंपरों से संबंधित मुद्दे पर सवाल किए गए। इस पर वसीम खान ने आरोप लगाया कि भारी वाहनों एवं डंपरों की लगातार आवाजाही से सड़क पर दबाव बढ़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की घटनाओं को लेकर भी स्थानीय लोगों में चिंता है। वसीम खान ने जेके सीमेंट कंपनी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क की स्थिति और भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए कंपनी को भी जिम्मेदारी के साथ आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने इस संबंध में प्रशासन से भी प्रभावी कार्रवाई की मांग की। वसीम खान ने कहा कि अमानगंजदृगुनौर मार्ग की समस्या केवल कांग्रेस का मुद्दा नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता से जुड़ी गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी सड़क के मुद्दे को लेकर जनता के साथ खड़ी है और जब तक सड़क की समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक आवाज उठाती रहेगी।

आंदोलन को लेकर भी दी जानकारी

नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जर्जर सड़क के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा 9 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को दोपहर 3 बजे नर्सरी के पास गुनौर मुख्य मार्ग, अमानगंज में जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों एवं गुनौर रोड के व्यापारियों से आंदोलन में सहयोग करने और बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। पत्रकार वार्ता में नगर कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र अग्रवाल, नगर संगठन प्रभारी पीयूष देव सिंह परमार, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष याकूब खान एवं नगर कांग्रेस कमेटी महासचिव राजदीप चतुर्वेदी सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गुनौर में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर जताया विरोध

गुनौर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गुरुवार को गुनौर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। गांधी प्रतिमा के सामने बस स्टैंड गुनौर में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर दिल्ली में प्छक्प। ब्लॉक के सांसदों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बलपूर्वक कार्रवाई की गई। इसी के विरोध में कांग्रेस ने 8 अक्टूबर को लोकतंत्र के लिए काला दिवस बताते हुए देशभर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। गुनौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया। पुतला दहन के दौरान मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाते हुए पुतले को बुझाया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गुनौर थाना प्रभारी बलबीर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहे। प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण बबलू गौतम के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से जुड़े मुद्दों पर निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस एवं प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

अमानगंज में गरजी कांग्रेस, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला, राहुल-प्रियंका की गिरफ्तारी पर आक्रोश

अमानगंज। प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के दिशा-निर्देशन में आज (गुरुवार, 8 अक्टूबर) ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के तत्वावधान में एक विशाल व उग्र धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जंतर-मंतर पर देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी एवं इंडिया गठबंधन के प्रमुख सांसदों की कथित बर्बरतापूर्वक गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियो ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उनका पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व नगर पालिका उपाध्यक्ष सौरभ दुबे ने कड़े शब्दों में कहा, ष्देश के जन-नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के साथ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता और इस देश की संपूर्ण जनता चट्टान की तरह खड़ी है। तानाशाही रवैये और लोकतंत्र की हत्या के प्रयासों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस उग्र प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भभूत सिंह राजपूत, जिला महासचिव भूपेंद्र बुंदेला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हक्कुन दहायत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान, जिला सचिव धूराम चौधरी, जिला सचिव ओमप्रकाश अहिरवार, मंडल अध्यक्ष मुकेश द्विवेदी, रावेन्द्र पांडेय, विजय सिंह राजपूत, महेंद्र तिवारी, सुनील गुरुद्वान्, अरुण भट्ट, धीरेंद्र गर्ग, मुन्ना मिश्रा घटारी, मंगल सिंह राजा, पीयूष देव परमार, पार्षद मनीष छिरोल्या, जवाहर पटेल, इक़बाल खान, वीरेंद्र खटीक, चंदन सिंह राजपूत, शिवम सोनी, मुन्ना चौधरी, प्रहलाद तिवारी, पुष्पेंद्र सोनी, अभिषेक दुबे, रोहित दुबे, सोनू खान, संदीप तिवारी सहित सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।



ग्रामीणों की शिकायतों और लगातार सामने आ रही खबरों के बाद जिला स्तर से जांच टीम भेजने का आश्वासन

पथरहा में घटिया निर्माण और ठप नल-जल योजना पर उठे सवाल



गुनौर

जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत बन्धौरा अंतर्गत ग्राम पथरहा में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और नल-जल योजना की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की परेशानियां लगातार सामने आ रही हैं। एक ओर ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किए जाने के आरोप लगाए हैं, वहीं दूसरी ओर नल-जल योजना ठप होने के कारण ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। पथरहा में निर्माण कार्यों को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। वहीं नल-जल योजना का अपेक्षित लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि कई ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दराज के जलस्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है।

खबरों के बाद जिला स्तर पर पहुंचा मामला-

ग्राम पंचायत बन्धौरा में निर्माण कार्यों और नल-जल योजना को लेकर लगातार प्रकाशित हो रही खबरों के बाद अब मामले ने जिला स्तर पर भी ध्यान खींचा है। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए कहा है कि आगामी 2-3 दिनों में जिले से टीम भेजकर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जांच टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, संबंधित अभिलेखों, भुगतान एवं नल-जल योजना की वास्तविक स्थिति की जांच किए जाने की बात कही गई है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और पंचायत स्तर पर किन-किन कार्यों में अनियमितता हुई है।

सरपंच-सचिव और उपयंत्री की भूमिका पर भी सवाल-

ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच नन्हे प्रसाद, सचिव राम शिरोमणि द्विवेदी तथा उपयंत्री हेमंत सोनी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए गए कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई। हालांकि इन आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही सामने आएगी। जिला स्तर से जांच टीम भेजे जाने के बाद मौके पर निर्माण कार्यों की स्थिति, इस्तेमाल की गई सामग्री, स्वीकृत राशि, भुगतान संबंधी दस्तावेज और नल-जल योजना से जुड़े रिकॉर्ड की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

ग्रामीणों को जांच से उम्मीद-

पथरहा के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जांच से निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद है। ग्रामीण चाहते हैं कि केवल कागजों की जांच न होकर मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और नल-जल योजना की जमीनी हकीकत देखी जाए। साथ ही यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से तत्काल राहत दिलाई जाए। अब सभी की नजर जिला स्तर से आने वाली जांच टीम पर है। जांच रिपोर्ट के बाद ही पथरहा पंचायत में लगाए जा रहे आरोपों की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

दिन में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, रात में डंपर... रेत के खेल पर कब होगी कार्रवाई?



पन्ना। जिले में वर्षा ऋतु में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध के बावजूद रेत का उत्खनन और परिवहन जारी रहने के आरोप हैं। दिन में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और रात के अंधेरे में डंपर लगातार रेत ढोते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि रेत आखिर निकाली कहां से जा रही है? यदि प्रतिबंधित अवधि में उत्खनन की अनुमति नहीं है, तो जिन स्थानों से जेसीबी और अन्य साधनों से रेत निकाले जाने की बात सामने आ रही है, उन उत्खनन स्थलों पर खनिज विभाग और जिला प्रशासन कब कार्रवाई करेगा? परिवहन के लिए टोकन सिस्टम की चर्चा है, लेकिन उत्खनन स्थल पर किसकी अनुमति और किस व्यवस्था के तहत रेत निकाली जा रही है, यह स्पष्ट होना चाहिए। सिर्फ सड़क पर दौड़ते ट्रैक्टर-डंपरों की जांच पर्याप्त नहीं है। रेत का स्रोत चिन्हित कर उत्खनन स्थल पर कार्रवाई, मशीनरी जब्ती और जिम्मेदारों पर प्रकरण दर्ज करने की जरूरत है। वीडियो में दिखाई दे रही गतिविधियों की निष्पक्ष जांच हो और प्रशासन यह स्पष्ट करे कि प्रतिबंध के बावजूद रेत का उत्खनन आखिर किसकी अनुमति से हो रहा है? रेत जहां से निकल रही है, कार्रवाई भी वहीं होनी चाहिए।

खबर संक्षेप

पेड़ से टकराई कार, 2 की मौत, 3 गंभीर घायल

छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर-कानपुर हाईवे पर ग्राम खैरौ के पास एक भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। ट्रक को बचाने के प्रयास में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 65 वर्षीय प्यार ख़ान और 26 वर्षीय रसीद ख़ान (पिता संजाम ख़ान) के रूप में हुई है। वहीं शरीफ ख़ान (45 वर्ष, पिता मकसूद ख़ान), शहराज ख़ान (27 वर्ष, पिता सहीद ख़ान) और सलमान (पिता प्यार ख़ान) गंभीर रूप से घायल हुए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी पीड़ित छतरपुर के नटपुरवा क्षेत्र के निवासी हैं और शाहगढ़ में अपने एक रिश्तेदार का एक्सीडेंट होने की खबर मिलने पर उन्हें देखने जा रहे थे। रास्ते में खैरौ के पास अचानक सामने आए ट्रक को बचाते समय कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। सूचना मिलने पर पहुंची डायल-112 पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा गुरुवार सुबह 11 बजे घटना की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

तालाब में डूबने से ढाई साल की मासूम की मौत

छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकौंहा गांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामचरण नाथ की ढाई वर्षीय बेटी मोहिनी नाथ शाम करीब 7 बजे अपने घर के पास खेल रही थी। खेलते-खेलते वह अचानक पास ही स्थित तालाब के किनारे पहुंच गई और अनियंत्रित होकर पानी में गिर गई।काफी देर तक जब मासूम घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान ग्रामीणों और परिजनों को तालाब के पानी में बच्ची का शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन मासूम को पानी से निकालकर जिला अस्पताल छतरपुर ले गए, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अधेड़ को सांप ने डसा, मौत

छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र के नगदा गांव में सर्पदंश से एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगदा निवासी दशरथ यादव 57 वर्ष अपने खेत पर थे, इसी दौरान उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत बिगडने लगी। परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन तब तक उनकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने दशरथ यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुतला दहन को लेकर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच झड़प



छतरपुर। शहर के छत्रसाल चौक पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार झड़प देखने को मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस बल ने काफी देर की खींचतान और झूमाझटकी के बाद कांग्रेसियों से पुतला छीन लिया, जिससे वे पुतला दहन नहीं कर सके। यह प्रदर्शन कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अदित सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच सड़क पर काफी देर तक तीखी बहस और धक्का-मुक्की चलती रही। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश पटेल, अवधेश सोनकिया, भगवतशरण रावत, राकेश अहिरवार, सुरेश बाबू खरे, दीप्ती पाण्डेय, संजय चौरसिया, हरनारायण यादव, पूजा अहिरवार, ज्ञानेन्द्र सिंह परमार, आदर्श रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर नौगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोठी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में किया गया ।

कलेक्टर के निर्देश पर पकड़ा गया खाद का अवैध भण्डारण, कृषि उपसंचालक को नहीं लग पाई भनक, नौगांव एसएडीओ सूरजभान पटेल

रात में छापा और भारी मात्रा में खाद बरामद, गोदाम सील, 218 बोरी मृदा कल्प, 57 बोरी यूरिया जब्त

छतरपुर। जिले में खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना के कड़े निर्देशों के बाद प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। महाराजपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुर/नाथपुर क्षेत्र में अवैध रूप से खाद डंप किए जाने की गोपनीय सूचना पर राजस्व, पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 1:00 बजे नाथपुर मौजा स्थित खसरा क्रमांक 848 पर बने एक निजी फार्म हाउस पर छापामार कार्रवाई की। उप संचालक कृषि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुई इस औचक कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने जब छापामार कार्यवाही कराई तब कृषि विभाग को कोई भनक नहीं लगने दी। बाद में जब गोदाम सील हो गया तब कृषि विभाग को जानकारी लगी और कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर एफआईआर करवाई। यहां तक पता चला है कि नौगांव के एसएडीओ पटेलअवैध खाद विक्रेता से सांठगांठ बनाये हुए थे और उसको कई दिनों से गोदाम से खाद हटाने के लिए कह रहे थे लेकिन उसके पहले ही कलेक्टर ने कार्यवाही करा दी।

218 बोरी मृदा कल्प, 57 बोरी यूरिया और एनपीके जब्त -

जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो वेयरहाउस नुमा फार्म हाउस परिसर में बड़े पैमाने पर रासायनिक उर्वरकों की खेप



भंडारित पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौके से निम्नलिखित सामग्री जब्त की गई जिसमें मृदाकल्प (पीडीएम) एनएफएलएन 218 बोरियां, आईपीएल यूरियाः 57 बोरियां, एनपीके (5:15:0:10): 10 बोरियां, एनपीके (20:20:0:13): 200 खाली बोरियां अवैध भंडारण पाए जाने के बाद प्रशासनिक अमले ने मौके पर ही विधिवत जब्ती पंचनामा तैयार कर परिसर को सील कर दिया।

स्टॉक और बिल पंजी गायब, नहीं दिखा सके कोई वैध दस्तावेज

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह अवैध भंडारण 'मेसर्स बी.आर. किसान बीज भण्डार ग्राम पुर के संचालक बबलू पटेल (पिता मंगलदीन पटेल) द्वारा किया जा रहा था। मौके पर जब संचालक से इतनी बड़ी तादाद में उर्वरक रखने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह केवल गोदाम का नक्शा और लाइसेंस ही दिखा सका। मौके पर खाद के अधिकृत भंडारण से संबंधित कोई अनुमति, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, बिक्री बिल पंजी अथवा मासिक क्रय-विक्रय रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी। निर्धारित मानकों और नियमों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर उर्वरक निरीक्षक ने तत्काल वैधानिक प्रक्रिया शुरू की।

मामले में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक (विकास खंड नौगांव) सूरजभान पटेल की लिखित शिकायत पर महाराजपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी बबलू पटेल (निवासी ग्राम पुर, संचालक मेसर्स बी.आर. किसान बीज भण्डार) के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0335/2026 दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 35(1)(बी), 35(1)(बी) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत गैर-जमानती धाराओं में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अंबे द्वारा स्वयं की जा रही है।

संयुक्त टीम में ये अधिकारी रहे शामिल

छापेमारी और जब्ती की इस व्यापक संयुक्त कार्रवाई में नौगांव अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) गोपाल शरण पटेल, तहसीलदार भरत पांडे, उप संचालक कृषि (डीडीए), महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अंबे, उर्वरक निरीक्षक सूरजभान पटेल, सदर पटवारी अंकुर द्विवेदी सहित कृषि, राजस्व और पुलिस विभाग का अमला प्रमुख रूप से मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में किसानों के हक की खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण अथवा ओवररेटिंग करने वाले किसी भी बिचौलिए या कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा।



सिद्ध क्षेत्र कुड़ी धाम दरबार में नवरात्रि पर्व पर होगी माता की विशेष पूजा

बडामलहरा। सिद्ध क्षेत्र कुड़ी धाम दरबार में आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। धाम में इस वर्ष 64 खप्पर जवारे दिवाला, सवा लाख हवन आहुतियां और श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित की गई हैं और सुचारू व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले मुख्य धार्मिक कार्यक्रमों की समय-सारणी इस प्रकार है । 11 अक्टूबरः कलश पूजन, बैठकी एवं विधि-विधान के साथ जवारे बोना। 17 अक्टूबर (सप्तमी तिथि): विशाल कन्या भोज एवं भव्य भंडारे का आयोजन। मंडप व्यवस्था मोहन लोधी, हवन सामग्री राममनोहर असाटी, झंडा-झंडी सांगीन व्यवस्था इंद्रजीत विश्वकर्मा,भंडारा एवं कन्या भोज भूपेन्द्र असाटी, 64 खप्पर व्यवस्था वारे प्रजापति, समिधा व्यवस्था बाबू प्रजापति, फल-फूल व्यवस्था रमेश सैनी, दूध व्यवस्था रामसेवक मेहदले एवं देवेंद्र सिंह घोष, यज्ञ व्यवस्था अजय शर्मा, हल्के राजा नरैया वाले, रामसिंह बुंदेला एवं नन्हे राजा गुर्जा वाले, भजन-कीर्तन डॉ. किशोरी प्रजापति एवं कांशीराम विश्वकर्मा बैठक के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पूरे अनुष्ठान को अटूट श्रद्धा, भक्ति और अद्वितीय भव्यता के साथ सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पावन उत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस कार्यक्रम की जानकारी माता मंदिर के चरण सेवक अशोक पटैरिया और श्रीकांत मिश्रा ने दी।

संदल-गुस्ल की रस्म के साथ गूंजा सूफियाना कलाम, बाबा गुलाब शाह के दरबार में उमड़े जायरीन

60वें उर्स पाक का हुआ आगाज, भंडारे में सभी धर्मों के लोगों ने ग्रहण की प्रसादी

नौगांव। आस्था के रंग में रंगा नौगांव... दरगाह पर अकीदतमंदों की भीड़ और फिजाओं में गूंजता सूफियाना कलाम। हिन्दू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बंशी वाले श्याम बाबा हजरत बाबा गुलाब शाह की दरगाह पर गुरुवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। संदल-गुस्ल की रस्म के साथ बाबा गुलाब शाह के 60वें सालाना उर्स पाक का आगाज हुआ। उर्स के पहले ही दिन नौगांव सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पहुंचे। अकीदतमंदों ने बाबा के दरबार में चादर पेश कर दुआएं मांगीं और मन्नतें मांगीं।

गुरुवार सुबह संदल-गुस्ल की रस्म के साथ उर्स पाक के धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुए। इसके बाद सुबह 11 बजे से दरगाह परिसर में लंगर का आयोजन शुरू हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीनों ने प्रसादी ग्रहण की। शाम करीब 4 बजे दरबारी चादर उठाई गई। इसके बाद दरगाह पर सूफी कव्वाली का आयोजन हुआ। कव्वालों ने सूफियाना कलाम और बाबा की शान में कव्वालियां पेश कीं, जिन पर जायरीन देर शाम तक झूमते नजर आए। बाबा गुलाब शाह के उर्स पाक में शामिल होने के लिए बुंदेलखंड के अलावा देश के विभिन्न शहरों से अकीदतमंद नौगांव पहुंचे हैं। दिल्ली, कानपुर, मुंबई, नागपुर, जैसलमेर, जयपुर,



लखनऊ, कोलकाता, भोपाल और बिहार सहित कई शहरों से बाबा के मुरीद उर्स में शामिल होने पहुंचे। पहले दिन बड़ी संख्या में जायरीनों के पहुंचने से दरगाह परिसर में पूरे दिन रौनक बनी रही।

बाबा गुलाब शाह की दरगाह नौगांव में हिन्दू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल मानी जाती है। उर्स पाक में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन सहित विभिन्न धर्मों के लोग शामिल होते हैं। सभी अकीदतमंद बाबा के दरबार में श्रद्धा के साथ माथा टेकते हैं और दुआ मांगते हैं। दरगाह परिसर में विभिन्न धर्मों से जुड़ी आस्था के प्रतीक भी दिखाई देते हैं। बाबा गुलाब शाह का 60वां सालाना उर्स पाक एक सप्ताह तक चलेगा। उर्स के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 बजे से लंगर का आयोजन किया जाएगा, जबकि शाम को सूफी कव्वाली होगी। उर्स को लेकर दरगाह परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष तैयारियां की गई हैं। आने वाले दिनों में जायरीनों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

उर्स पाक के साथ दरगाह के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं। वहीं घरेलू उपयोग की वस्तुओं सहित विभिन्न सामानों की दुकानें सजाई गई हैं। दूर-दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। उर्स के चलते दरगाह के आसपास पूरे दिन मेले जैसा माहौल रहा।

मंगलसूत्र झपटने वाला आरोपी पकड़ा, पुलिस ने दो वारदातों का किया खुलासा मंदिर से लौट रही महिलाओं के मंगलसूत्र झपटने वाला आरोपी गिरफ्तार



नौगांव। शहर में मंदिर से पूजा कर लौट रही महिलाओं को निशाना बनाकर मंगलसूत्र झपटने की दो वारदातों का पुलिस ने खुलासा किया है। मंगलवार की शाम गल्ला मंडी क्षेत्र में एक बार फिर एक युवक ने महिला की सोने की चेन खींचने का प्रयास किया था।इस दौरान चेन टूटकर नीचे गिर गई जिसमें आरोपी चेन ले जाने में तो सफल नहीं हुआ, लेकिन यह झपटमारी से लेकर भागने तक की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने इन्हीं सीसीटीवी फुटेज की मदद एवं मुखबिर की सूचना पर एक युवक को धरदबोचा और जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पूर्व की दोनों घटनाएं करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी 24 वर्षीय अनुज मिश्रा, निवासी ग्राम इंदी, थाना गुरसराय, जिला झांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने दोनों वारदात करना स्वीकार किया है। उसकी निशानदेही पर महिलाओं से झपटे गए दो मंगलसूत्र बरामद किए गए हैं।

नौगांव पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक संजय राय के अनुसारपिछले दिनों थाना नौगांव क्षेत्र में मंदिर से लौट रही महिलाओं के मंगलसूत्र झपटने की घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। 8 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अनुज मिश्रा को जेल चौराहा के पास रिश्तेदार के मकान से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने दोनों घटनाएं करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू की।

2 सितंबर को मनसा देवी मंदिर के पास महिला को बनाया था निशाना -

पहली वारदात 2 सितंबर को मनसा देवी मंदिर के पास हुई थी। 60 वर्षीय महिला मंदिर में दर्शन कर लौट रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने उनके गले से करीब 6 ग्राम वजनी मंगलसूत्र झपट लिया था। झपटमारी के दौरान महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई थीं। घटना के बाद परिजन उन्हें लेकर थाने पहुंचे थे। दूसरी वारदात 29 सितंबर को हुई थी। मंशा देवी मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला के गले से परियोजना कार्यालय के सामने युवक ने मंगलसूत्र झपट लिया था। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और 112 पर सूचना दी गई थी। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले थे।

महिलाओं को निशाना बनाने की घटनाओं के बीच 8 अक्टूबर से पहले गल्ला मंडी चौराहे पर भी चेन झपटने का प्रयास सामने आया था। करीब 4:15 बजे मंदिर के धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहीं मनोरमा जैन के गले से स्टेट बैंक के पास युवक ने चेन खींचने का प्रयास किया था। चेन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिससे महिला की चेन बच गई, लेकिन गर्दन में चोट आई। सीसीटीवी में आरोपी भागता हुआ नजर आया था।

सतना जा रही यात्री बस से भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री जप्त, यात्रियों में मचा हड़कंप

7 बोरों में रखे पटाखे एवं परिवहन में प्रयुक्त यात्री बस बरामद

लवकुशनगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री वाहनों में ज्वलनशील सामग्री एवं पटाखों का अवैध रूप से परिवहन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में छतरपुर पुलिस द्वारा यात्री वाहनों में ज्वलनशील सामग्री के अवैध परिवहन, संग्रह के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार की तड़के थाना क्षेत्र पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि लवकुशनगर से सतना जा रही एक यात्री बस में अवैध रूप से ज्वलनशील सामग्री पटाखों का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बगमऊ तिगैला, टोल टैक्स प्लाजा के पास सतना जा रही यात्री बस को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बस की छत पर रखे 7 बोरे पटाखों से भरे पाए गए। बोरों की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में पटाखे मिले। पूछताछ में सामने आया कि बस कंडक्टर द्वारा अधिक भाड़ा प्राप्त करने के लालच में पटाखों का अवैध रूप से



परिवहन किया जा रहा था। पुलिस द्वारा 7 बोरे में भरे पटाखे एवं परिवहन में प्रयुक्त यात्री बस कुल अनुमानित कीमत करीब 20 लाख 50 हजार बरामद कर आरोपी बस कंडक्टर इशाक मोहम्मद पिता अकबर मोहम्मद, निवासी बमीठा को अभिरक्षा में लिया गया। बस में बैठे यात्रियों को पुलिस द्वारा उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था की गई। थाना लवकुशनगर में बस कंडक्टर इशाक मोहम्मद एवं बस में पटाखे रखने वाले आरोपी बालकिशन कुशवाहा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई। प्रकरण में फरार आरोपी बालकिशन कुशवाहा की तलाश जारी है।

केन नदी में नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से दर्दनाक मौत, SDERF की टीम ने निकाले शव

लवकुशनगर। अनुविभाग अंतर्गत से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां सरवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केन नदी के विछार घाट पर नहाने गए दो किशोर छात्रों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ, जिसके बाद गुरुवार (8 अक्टूबर 2026) की सुबह रेस्क्यू टीम ने दोनों के शवों को नदी से बाहर निकाल लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा बुधवार (7 अक्टूबर 2026) का है। सरबई थाना कस्बा अंतर्गत से अपने घर से स्कूल जाने के लिए बोलकर जाते है लेकिन स्कूल में हजारी लगाकर नहाने के लिए विछार घाट पर अपने दोस्तों के साथ केन नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। नहाते समय अचानक पानी की गहराई और तेज बहाव का अंदाजा न मिलने के कारण दो किशोर नदी के गहरे पानी में समा गए और लापता हो गए। हादसे के बाद साथ गए अन्य दोस्तों में हड़कंप मच गया और तुरंत इस बात की सूचना



स्थानीय लोगों व पुलिस को दी गई।डूबने वाले मृतकों की पहचान तेजस गुप्ता (उम्र 18 वर्ष) और अंश अवस्थी (उम्र 17 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों ही किशोरों की असमय मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया है और क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही सरवई थाना पुलिस तुरंत बल के साथ मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन SDERF (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स) की टीम को बुलाया गया। पुलिस और SDERF की संयुक्त टीम ने कल शाम से ही नदी में व्यापक सर्च अभियान (खोजबीन) शुरू कर दिया था।रात के अंधेरे और नदी के बहाव के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अथक प्रयासों के बाद, आज यानी गुरुवार की सुबह SDERF की टीम ने दोनों मृत बच्चों के शवों को नदी की गहराइयों से सफलतापूर्वक खोज निकाला और बाहर लेकर आई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

नेशनल हॉस्पिटल की खटारा लिफ्ट ने ली जान

39 दिन बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं

जांच में मिली खामी, कलेक्टर के निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी ठंडे बस्ते में

रीवा।

शहर के समान तिराहे स्थित नेशनल हॉस्पिटल में लिफ्ट हादसे में 53 वर्षीय सुरेश सेन की मौत को 39 दिन हो चुके हैं। हादसे के बाद रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जांच टीम गठित की थी।







टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और हादसे से जुड़े बिंदुओं की जांच कर रिपोर्ट भी सौंप दी। कलेक्टर ने रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखकर प्रभारी सीएमएचओ को निर्देश दिए। इसके बावजूद अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल प्रबंधन पर किसी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़ा हुआ था। लिफ्ट की तकनीकी स्थिति, उसका रखरखाव, फिटनेस, फायर सेफ्टी, पार्किंग और मरीजों को ऊपरी मंजिल तक ले जाने के वैकल्पिक रास्ते जैसे कई बिंदु जांच के दायरे में आए थे। अब जांच पूरी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर जांच रिपोर्ट में क्या सामने आया और उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह विभाग को स्पष्ट करना चाहिए। बात दे हादसे के बाद कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिक विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को शामिल कर जांच टीम बनाई थी। टीम ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और हादसे से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रिपोर्ट प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा था कि रिपोर्ट में अस्पताल में त्रुटि पाई गई है पत्र पुलिस और सीएमएचओ को भेजा गया है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग ने क्या कार्रवाई की, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद से ही सवाल उठ रहे हैं।लिफ्ट का रखरखाव कौन कर रहा था, उसका आखिरी तकनीकी परीक्षण कब हुआ था और उसके पास वैध फिटनेस संबंधी दस्तावेज थे या नहीं। यह भी जांच का विषय था कि हादसे के समय लिफ्ट सुरक्षा मानकों के मुताबिक संचालित हो रही थी या नहीं। अब जांच रिपोर्ट प्रशासन के पास पहुंच चुकी है। ऐसे में रिपोर्ट में लिफ्ट को लेकर क्या तथ्य सामने आए, यह सार्वजनिक होना जरूरी है। कलेक्टर ने रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी सीएमएचओ को पत्र भेजा गया। इसके बावजूद 39 दिन बाद भी अस्पताल प्रबंधन पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सामने नहीं आई है। अब सवाल यह है कि जब जांच पूरी हो चुकी है तो कार्रवाई के लिए और कितना इंतजार किया जाएगा? यदि अस्पताल की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं मिली तो स्वास्थ्य विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यदि जांच में लापरवाही या नियमों का उल्लंघन सामने आया है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

लिफ्ट बंद होने पर मरीजों को ऊपर ले जाने के लिए नहीं है कोई वैकल्पिक रास्ता

नेशनल हॉस्पिटल लगभग तीन से चार मंजिल में बनी हुई है, नीचे ग्राउंड फ्लोर में किसी प्रकार की कोई इलाज की व्यवस्था नहीं है, फर्स्ट फ्लोर में डॉक्टर मरीज को देखते हैं एवं सेकंड व थर्ड फ्लोर में मरीज को भर्ती किया जाता है,मरीजों को ऊपरी मंजिल तक पहुंचाने के लिए नेशनल हॉस्पिटल पूर्ण रूप से एक लिफ्ट पर निर्भर है, जिसमें मरीज भी सफर करते हैं और डॉक्टर भी, गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर से ऊपर ले जाने के लिए अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, जबकि अस्पताल में मरीजों को ऊपर ले जाने के लिए रैंप होना जरूरी है,सुरेश सेन की मौत लिफ्ट हादसे में हो चुकी है। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जांच और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

पार्किंग नहीं, सड़क पर खड़े होते हैं वाहन


अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था भी सवालों में है। अस्पताल के सामने दोपहिया वाहनों के लिए सीमित जगह है, जबकि चारपहिया वाहनों के लिए पर्याप्त निर्धारित पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर वाहन खड़े होते हैं।

बताया जाता है कि अस्पताल के पास ब्रिज के नीचे चारपहिया वाहनों की पार्किंग कराई जाती है। दो पहिया वाहनों की अधिक मात्रा होने पर वाहन सड़क पर खड़े हो जाते हैं जिससे आए दिन जाम की स्थिति भी बनती है ऐसे में एंबुलेंस और दूसरे आपातकालीन वाहनों की आवाजाही को लेकर भी सवाल उठते हैं। अस्पताल जैसी जगह पर पार्किंग की पर्याप्त और व्यवस्थित व्यवस्था होना जरूरी है। लेकिन नेशनल हॉस्पिटल बिना पार्किंग के संचालित हो रही है।

16 लाख में हुआ था समझौता, लेकिन फिर भी कार्रवाही जरूरी

हादसे के बाद अस्पताल प्रबंधन और मृतक के परिवार के बीच 16 लाख रुपए में समझौता हुआ था, हालांकि परिवार और अस्पताल के बीच हुआ निजी समझौता विभागीय जिम्मेदारी को खत्म नहीं करता। यदि जांच में अस्पताल की व्यवस्था में कमी या किसी नियम का उल्लंघन सामने आया है तो संबंधित विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करनी होगी। इसी वजह से जांच पूरी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन जांच भी पूरी हो गई पत्र भी लिखकर चला गया उसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व प्रभारी सीएमएचओ कार्यवाही से भागते हुए नजर आ रहे हैं। जिसके कारण अब कुछ अलग ही तस्वीर स्पष्ट होती नजर आ रही है।





इनका कहना है

प्राइवेट अस्पतालों के लिए नगर निगम सहित स्वास्थ्य विभाग के नियम है, नेशनल हॉस्पिटल द्वारा उन नियमों का पालन नहीं जा रहा है, लिफ्ट गिरने से जिस व्यक्ति की मौत हुई उसमें सभी नियमों को विभागों को देखना चाहिए साथ ही डॉक्टर की ड्यूटी के संबंध भी में भी जांच होनी चाहिए कौन-कौन से डॉक्टर वहां पदस्थ हैं और उनके पास क्या-क्या डिग्री है, लिफ्ट के संबंध में जो प्रशासन की जांच रिपोर्ट आई है उसपर तत्काल कार्रवाही किया जाना चाहिए।

बी.के माला
सामाजिक कार्यकर्ता रीवा।

इनका कहना है

नेशनल हॉस्पिटल के संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा एक जांच दल गठित किया गया था, उसके बाद जांच हुई और प्रतिवेदन भी कलेक्टर महोदय को सौंपा गया, इसके बाद उन्होंने एक पत्र भी लिखा है, इसके संबंध में क्या कार्रवाही होगी इसको देखा जा रहा है जल्द कार्यवाही की जाएगी।

सुधाकर पाण्डेय
प्रभारी सीएमएचओ रीवा।

पुलिस ने भी मांगी पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट

लिफ्ट हादसे में सुरेश सेन की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। समान थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के अनुसार कुछ परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि कुछ के बयान अभी बाकी हैं। जिनको बयान देने के लिए पुलिस द्वारा नोटिस जारी की गई है,पुलिस ने पीडब्ल्यूडी विभाग के विद्युत यांत्रिक विभाग से लिफ्ट संबंधित तकनीकी जांच रिपोर्ट भी मांगी है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्य और साक्ष्य सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन दूसरी ओर रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि हमने कार्यवाही के लिए एसपी को पत्र जारी कर दिया है तो यदि पत्र जारी हो गया है तो अभी तक पुलिस ने एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की ? यानी प्रशासनिक जांच पूरी होने के बावजूद पुलिस की जांच अभी जारी है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस की जांच लगभग कई सालों तक चलेगी, और बाद में मामला शांत होने के बाद कागजों में दफन हो जाएगी।

शहर में जल्द शुरू होंगी 20 संस्कार शालाएं, 20 आचार्यों का हुआ चयन



विहिप सेवा विभाग की बैठक में बनी कार्ययोजना

रीवा। विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग द्वारा संचालित संस्कार शालाओं के सुचारु संचालन को लेकर 8 अक्टूबर को रीवा में आचार्य चयन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रीवा नगर की 20 बस्तियों से 30 आचार्यों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से चयन प्रक्रिया के उपरांत 20 आचार्यों का अंतिम रूप से चयन किया गया। बैठक में आगामी 20 अक्टूबर से 10 नवंबर के मध्य चयनित आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। केंद्रीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में चयनित आचार्यों को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात रीवा नगर की 20 विभिन्न बस्तियों में 20 संस्कार शालाओं का संचालन औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सहसंयोजक एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख सुमित मांजवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विहिप के विभाग मंत्री विश्वनाथ खारोल का विशेष मार्गदर्शन संस्कारशाला की बहनों को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही, प्रांत सेवा सह प्रमुख अवधेश सिंह ने चयन प्रक्रिया को संपन्न कराते हुए आगामी प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें केंद्र के अधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख सौरभ चंदेल, डॉ. निर्मल चौहान, प्रांत कार्यसमिति सदस्य नीलू सिंह, मीना सिंह तिवारी सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संस्कार शालाओं के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कार, अनुशासन, तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास को लेकर आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

एक ही रात पांच घरों में घुसे चोर नकदी-मोबाइल और लैपटॉप ले गए

छत के रास्ते पहली मंजिल में दाखिल हुए नकाबपोश बदमाश; सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

रीवा।

जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र के इटार पहाड़ गांव में मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने एक के बाद एक पांच घरों को निशाना बनाया। नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते मकानों की पहली मंजिल तक पहुंचे और कमरों में रखी नकदी, मोबाइल फोन, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह परिवार के लोगों को चोरी का पता चला तो गांव में हड़कंप मच गया।

एक ही रात में पांच घरों में चोरी की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने वारदात को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया। रात के समय जब परिवार के सदस्य गहरी नींद में थे, उसी दौरान चोर छत के रास्ते मकानों की पहली मंजिल तक पहुंचे। इसके बाद कमरों में रखे कीमती सामान को निशाना बनाया। चोरी करने के बाद बदमाश उसी रास्ते से बाहर निकल गए। घटना में राजबहोर गुप्ता, विनोद कचेर, महेंद्र पांडेय, पप्पू कचेर सहित पांच ग्रामीणों के घरों में चोरी होने की जानकारी सामने आई है। अलग-अलग घरों से नकदी, मोबाइल, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2 से 3 लाख रुपए बताई जा रही है। रात में परिवार के लोगों को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लोगों की नींद खुली और कमरों में सामान अस्त-व्यस्त मिला तो चोरी का पता चला। इसके बाद आसपास के लोगों को जानकारी दी गई। एक ही रात में कई घरों में चोरी की बात सामने आने के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में एक-दूसरे के घर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की वारदात के दौरान कुछ घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध बदमाशों की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में कुछ लोग घरों के आसपास और आवाजाही करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बदमाशों ने चेहरे कपड़े से ढंक रखे थे, इसलिए उनकी पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जांच में शामिल कर लिया है। फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्धों की गतिविधियों, उनके आने-जाने के रास्ते और वारदात के समय की जानकारी जुटाई जा रही है।

आतिशबाजी लायसेंस के लिए आवेदन 31 अक्टूबर तक

रीवा । दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रेता 8 अक्टूबर से 31 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से करना होगा। शहरी क्षेत्र रीवा के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लायसेंस के नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और 500 रूपये शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा। आतिशबाजी/पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंसधारी को बेसिक ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड खुटेही तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों में दुकान लगानी होगी। कलेक्टर ने बताया कि दुकानों का आवंटन 4 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे से लाटरी द्वारा किया जायेगा। लायसेंसधारी दुकानदारों को 6 नवम्बर से 8 नवम्बर तक तथा 20 नवम्बर को आतिशबाजी, पटाखा विक्रय के लिए बेसिक ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड खुटेही में तथा ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने की अनुमति दी जायेगी।

भोपाल को हराकर रीवा संभाग ने जीता स्वर्ण, मार्शल आर्ट में बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

14 और 17 वर्ष आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने मारी बाजी।

रीवा। शहर में चल रही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रीवा संभाग के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मार्तंड स्कूल परिसर में आयोजित थागता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में रीवा संभाग की बालिकाओं ने 14 वर्ष और 17 वर्ष आयु वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में रीवा संभाग की टीम ने भोपाल संभाग को पराजित कर पहला स्थान हासिल किया। थागता मार्शल आर्ट के मुकाबलों में शुरुआत से ही रीवा संभाग के खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रभावी रहा। बालिका वर्ग के दोनों आयु समूहों में खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबले किए और फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। रीवा की खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद खेल अधिकारियों और अन्य खिलाड़ियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर से रीवा में किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के अलग-अलग संभागों से करीब 700 खिलाड़ी शामिल हुए हैं। विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर तक चलेगा। शहर के अलग-अलग खेल मैदानों और स्कूल परिसरों में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। थागता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के मुकाबले पूरे होने के बाद गुरुवार को पुरस्कार एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खेल अधिकारियों ने खिलाड़ियों को आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी जारी रखने की बात कही। अधिकारियों के मुताबिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों की टीम तैयार की जाएगी। हैंडबॉल और मार्शल आर्ट सहित विभिन्न खेलों में चयनित खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। चयनित टीम के खिलाड़ियों को दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी खेल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

कन्या हाई स्कूल देवतालाब में एचआईवी/एड्स के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मऊगंज

जिले मे संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा द्वारा म.प्र. राज एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार 12 अगस्त से 12 अक्टूबर सघन जागरूकता अभियान के चलाया जा रहा है इसी कड़ी के अंतर्गत आज दिनांक 8/10/2026 को शासकीय कन्या हाई स्कूल देवतालाब के सभी छात्राओं के बीच जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे एसएसके मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा सभी छात्राओं को एचआईवी/ एड्स, यौन गुप्त रोग बताते हुए फैलने के कारणों के बारे में बताया गया और बचाव के बारे में भी बताया गया, टीबी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया आज के समय मे ज्यादातर 15 से 49 वर्ष की युवा वर्ग इस बीमारी की जानकारी न होने के अभाव में ग्रसित हो रहे हैं इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवाओं को जागरुक कर जांच करने के लिए प्रेरित करना है और 2017 एक्ट के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही हीएचआईवी/ एस टी आई से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया .. कार्यक्रम में प्राचार्य संत कुमार त्रिपाठी, काउंसलर अनिरुद्ध सिंह एसएसके ओ आर डब्लू जैनेन्द्र श्रीवास्तव,और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं,एंव छात्राएं उपस्थित रही।

156 का पंजीयन, 41 के बने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र

दिव्यांगजनों के जीवन में सुविधा और आत्मनिर्भरता का संबल बना सेवा संकल्प अभियान - विधायक प्रदीप पटेल

मऊगंज

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सिविल अस्पताल मऊगंज में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की गई। शिविर में 156 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। परीक्षण एवं आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत 41 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए गए। इससे पात्र दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।



विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने 3 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा 2 हितग्राहियों को स्मार्ट छड़ी सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। विधायक पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिविर में बीएमओ डॉ. एस.डी. कोल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मण पटेल, नेत्र चिकित्सा सहायक आर.एस. वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।